# धनोरा के दिनेश कुमार मर्सकोले बने डीएसपी

## ग्राम धनोरा के लिए गौरव का क्षण, क्षेत्र में हर्ष की लहर

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/ धनोरा (जागीर), 15 जुलाई, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र धनोरा (जागीर) की माटी से एक अनूठी प्रतिभा निकलकर सामने आई है, जिसने न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम पुलिस विभाग में रोशन किया है। ग्राम धनोरा के कर्मठ और समर्पित व्यक्तित्व दिनेश कुमार मर्सकोले को मध्य प्रदेश पुलिस में डीएसपी (पुलिस उपअधीक्षक) के पद पर पदोन्नत किया गया है। उनकी इस अभूतपूर्व उपलब्धि से समूचे क्षेत्र में गौरव और हर्ष का माहौल है।**



यह सफलता इस बात का जीवंत प्रमाण है कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और कड़ा परिश्रम हो, तो सुदूर ग्रामीण और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों से भी देश के सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व किया जा सकता है। दिनेश कुमार मर्सकोले की यह पदोन्नति क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का एक नया स्रोत बनकर उभरी है।

दिनेश मर्सकोले की इस शानदार सफलता की खबर जैसे ही उनके गृह ग्राम धनोरा पहुंची, पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया। ग्रामीणों ने एक-दूसरे से मिलकर दिनेश मर्सकोले की अपनी खुशी का इजहार किया।

ग्राम धनोरा के सभी वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं और प्रबुद्धजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई संदेश प्रेषित किए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दिनेश मर्सकोले हमारे गांव के गौरव हैं उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर आज यह मुकाम हासिल किया है डीएसपी के रूप में मध्य प्रदेश पुलिस में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देकर जनसेवा के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

समस्त ग्रामवासियों में पी.डेहरिया,सुभाष कुमार नेमा शिक्षक अशोक विश्वकर्मा, नीरज, पारस बाथरी, सुनील नेमा, रंजीत मर्सकोले, संजू नेमा, प्रेमभान शाह, प्रमेश बंटी सोनी, शैलेन्द्र सोनी, दीपक श्रीवास, देवचन्द डेहरिया, पप्पू ठाकुर,अभिषेक सोनी, पप्पू नेमा, लब्बूसिंह खंगार,भवानी नागवंशी एवं शुभचिंतकों की ओर से दिनेश कुमार मर्सकोले जी को डीएसपी पद पर पदोन्नत होने पर हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल और यशस्वी कार्यकाल के लिए ढेरों मंगलकामनाएं प्रेषित किए है।

### छात्र के साथ मारपीट मामले में हो कड़ी कार्यवाही

**सिवनी नवभारत।** नगर कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा सिवनी आईटीआई में अध्ययनरत छात्र के साथ अमानवीय हिंसा व क्रूरता किए जाने पर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर दोषियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने की मांग की है। सोशल मीडिया पर एक विडियों वायरल हुआ जिसमें एक छात्र को निर्वस्त्र कर असामाजिक तत्वो द्वारा बहुत ही बेरहमी से पीटाई कर रहें है पीठ में गहरे जख्म पर नमक एवं मिर्च पाउडर रगढ़ रहें है हैवानियत की हद पार करते हुए उस पर शराब या जला आईल डाल रहें है सिवनी जिला बहुत ही शांत एवं सरल स्वाभाव का है कुछ गुंडा तत्व यहा का अमन चैन खराब करना चाहते है। बैखौफ होकर इस तरह का विडियों गुंडा तत्वों द्वारा वायरल किया गया है मानो कि वह कानून व्यवस्था पुलिस अधीक्षक को चिड़ा रहें है। इस प्रकार के अपराध की सिवनी नगर एवं जिले में पुनर्रावृत्ति न हो निष्पक्षता से जांच कर कड़ी कार्यवाही की जाए।

# खेत में युवक को निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटा

**सिवनी नवभारत।** जिले के डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र में एक युवक को खेत में ले जाकर निर्वस्त्र कर बेरहमी से मारपीट किए जाने का वीडियो सामने आने के बाद सनसनी फैल गई है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में घटना लगभग एक माह पुरानी, 11-12 जून की बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लाल चंदानी ने बताया कि पीड़ित युवक की पहचान कान्हीवाड़ा क्षेत्र निवासी शोहेल खान के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक का एक युवती से अफेयर था। इस संबंध की जानकारी युवती के परिजनों को लगने के बाद उन्होंने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर युवक को डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र के खेरीटेक के समीप एक खेत में ले जाकर उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने युवक को निर्वस्त्र कर बेरहमी से



पीटा और पूरी घटना का वीडियो भी बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

एसपी ने बताया कि पुलिस ने अब तक वीडियो के आधार पर 3 से 4 आरोपियों की पहचान कर ली है। पीड़ित युवक वर्तमान में नागपुर में है। उससे पुलिस ने संपर्क किया है और उसके जल्द सिवनी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने की संभावना है। शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो की तकनीकी जांच भी कराई जा रही है, ताकि घटना की वास्तविक परिस्थितियों और इसमें शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा सके। यदि वीडियो बनाने, प्रसारित करने या पीड़ित की गरिमा को ठेस पहुंचाने के साक्ष्य मिलते हैं तो संबंधित धाराएं भी बढ़ाई जाएंगी।

घटना ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सार्वजनिक रूप से किसी व्यक्ति के साथ इस प्रकार की मारपीट और उसका वीडियो बनाकर वायरल करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि कानून अपने हाथ में लेने के बजाय किसी भी विवाद की सूचना पुलिस को दें तथा वायरल वीडियो को साझा करने से बचें। मामले की जांच जारी है और पुलिस का कहना है कि सभी दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर में

#### 100 पौधों का रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**कान्हीवाड़ा।** प्रकृति संरक्षण और हरित पर्यावरण के संकल्प को साकार करते हुए कान्हीवाड़ा के समीप स्थित धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थल गौघाट धाम में मंगलवार को प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार महावृक्षारोपण अभियान उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। गौघाट यज्ञ समिति के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान में समिति के सदस्यों, पर्यावरण प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान लगभग 100 छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प दोहराया गया। गौघाट यज्ञ समिति के संरक्षक श्रीराम ठाकुर ने बताया कि गौघाट धाम में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत 29 मई 2017 से की गई थी। तब से लेकर आज तक पिछले नौ वर्षों से यह अभियान निरंतर जारी है। समिति द्वारा महापुरुषों की जयंती, धार्मिक पर्व, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस तथा परिवार के सदस्यों के जन्मदिवस जैसे विशेष अवसरों पर नियमित रूप से पौधरोपण किया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक वर्ष 15 जुलाई को विशेष महावृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

#### जिला कोषालय में विशेष कैंप 16 एवं 17 जुलाई को

**सिवनी।** इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम से संबंधित तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला कोषालय सिवनी में 16 एवं 17 जुलाई 2026 को विशेष तकनीकी कैंप आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सॉफ्टवेयर के उपयोग तथा विभिन्न वित्तीय संव्यवहारों के दौरान बार-बार तकनीकी समस्याएं एवं एसडी लॉक जैसी शिकायतें दर्ज हो रही हैं। इन समस्याओं के प्रभावी एवं शीघ्र समाधान के उद्देश्य से दो दिवसीय विशेष कैंप आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

# बिना फिटनेस बस पर 05 हजार का चालान

**सिवनी नवभारत।** जिले में सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। एक ओर यातायात पुलिस ने बिना वैध फिटनेस प्रमाण पत्र के संचालित हो रही यात्री बस पर कार्रवाई करते हुए 5,000 का चालान किया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी चंचलेश मरकाम और सचिन परते के मार्गदर्शन में जिले में सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने यात्री बस क्रमांक एमपी





15 पीए 0599 की जांच की। दस्तावेजों की जांच में बस बिना वैध फिटनेस प्रमाण पत्र के संचालित पाई गई। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत बस संचालक पर 5,000 का चालान किया गया तथा भविष्य में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ही वाहन संचालन करने की सख्त हिदायत दी गई।

# शासकीय जमीन पर हो रहा कब्जा, 4 वर्षों के लिए दी गई थी जमीन

**सिवनी नवभारत।** विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम गंगई थाना बंडोल के रहने वाले मोहन यादव, किशन लाल ,राजकुमार सतनामी ,निरंजन यादव ,विनोद यादव पर ग्राम वासियों ने आरोप लगाया है कि इन्होंने शासकीय जमीन पर कब्जा कर मकान का निर्माण किया है जबकि यह जमीन शासन की है इसका उपयोग जनहित में किया जाना है।

ग्राम वासियों ने बताया कि वर्ष 2001 में शासकीय भूमि पर दक्षिण वन मंडल के अधिकारी की उपस्थिति में एक सहमति पत्र तैयार किया गया था जिसमें पेड़ लगाकर इस भूमि को 4 वर्ष के लिए लीज पर दिया गया था जिसका समय समाप्त हो चुका है और अब सहमति पत्र की अवधि भी समाप्त हो चुकी है और अनावेदको द्वारा उक्त भूमि पर कब्जा कर लिया गया है जिस पर मकान का निर्माण कार्य किया जा रहा है ग्राम वासियों द्वारा आपत्ति दर्ज करने पर अब शब्दों का प्रयोग किया जाता है इस संबंध में तहसीलदार एवं थाने को भी सूचित किया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही अत: जनसुनवाई में दिए गए ज्ञापन में कार्रवाई की मांग ग्राम वासियों ने की है ज्ञापन देने वालों में जय नारायण वीर सिंह सुनील देवनंदन श्यामा बाई कलाबाई गोविंद यादव नरेश यादव राजेश कमलेश यादव महेंद्र शुक्ला मनोज विक्रम सिंह रामनरेश जय नारायण रामदास सीमा भाई आदि शामिल थी।

# 20 दिन में ट्रक चोरी का खुलासा, पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सिवनी नवभारत।** डुण्डासिवनी पुलिस ने अंतरराज्यीय ट्रक चोर गिरोह का पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर दो लाख रुपये नगद बरामद किए हैं। डुण्डासिवनी थाना पुलिस ने 27 जून को बम्होड़ी पेट्रोल पंप के सामने से चोरी हुए ट्रक क्रमांक रू॥ 40ज्ञ 3957 के मामले का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय ट्रक चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण की जांच के दौरान पुलिस ने करीब 20 से 25 स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की सहायता से आरोपियों तक पहुंच बनाई। जांच में सामने आया कि चोरी के बाद ट्रक को हैदराबाद ले जाकर काटकर स्क्रैप में बेच दिया गया था। कार्रवाई के दौरान 2 लाख नगद बरामद किए गए।

गिरफ्तार आरोपियों में बैतूल जिले के नंदकिशोर खाकरे और



अलकेश उइके तथा हैदराबाद निवासी मो. रहमान आसिफ और मो. ईस्माईल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार नंदकिशोर खाकरे एवं अलकेश उइके के विरुद्ध पूर्व से भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पूरे अभियान में थाना प्रभारी चैनसिंह उइके के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सदानंद गोदेवार, सहायक उपनिरीक्षक देवेन्द्र जैसवाल, साइबर सेल तथा पुलिस टीम के नितेश राजपूत, अजय बघेल, संजय यादव, धूपलाल नेताम, धनराज बरकड़े, मोहसिन आजमी, अंशुमन राजपूत, अजय मिश्रा, रघुराज यादव और खिलेन्द्र गौतम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# न्यू आसरा सोशल फाउंडेशन की अध्यक्ष नाज़नीन ने 25वीं बार किया रक्तदान

**सिवनी नवभारत।** समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय न्यू आसरा सोशल फाउंडेशन की अध्यक्ष नाज़नीन शेख (रोज़) ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश करते हुए 25वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान किया। उनके इस सराहनीय कार्य की सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर नाज़नीन शेख ने कहा कि अगर भोजन करना हमारी मजबूरी नहीं, बल्कि आदत है, तो जरूरतमंदों की मदद करना भी हमारी आदत बननी चाहिए।



मदद करके देखिए, अच्छा लगता है। उन्होंने लोगों से नियमित रक्तदान करने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की।

उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी गंभीर मरीज को नया जीवन दे सकता है। इसलिए स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान न केवल एक महान सामाजिक दायित्व है, बल्कि यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा भी है। न्यू आसरा सोशल फाउंडेशन लंबे समय से जरूरतमंदों की सहायता, निशुल्क भोजन वितरण, सामाजिक जागरूकता एवं जनसेवा के विभिन्न कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संस्था की अध्यक्ष नाज़नीन शेख का यह 25वां रक्तदान समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण माना जा रहा है।

# सिवनी में विकासखंड ऑफिस और कुछ संकुल केंद्र बने दलालों के अड्डे

**सिवनी नवभारत।** पूर्व काल के अनुसार शिक्षा के केंद्र हमेशा विद्वानों की उत्पत्ति के केंद्र होते हैं किंतु कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि शिवनी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा कुछ संकुल केंद्र दलालों के अड्डे बने हुए हैं यहां पर शिक्षकों के काम बिना दलालों के माध्यम के पूर्ण नहीं होते हैं तथा देखने में यह भी आ रहा है कि शिवनी विकासखंड शिक्षा अधिकारी अपने कार्यालय के लिपिक की बात ना मानकर उसे कार्यालय में सुबह 11:00 बजे सेशाम 5:00 तक अपनी उपस्थिति प्रदान करने वाले दलालों की सलाह पर ही आदेश प्रसारित करते हैं दलालों का प्रमुख कम जीएफ प्रकरण शिक्षकों की सेवानिवृत्ति पर रेट तय करना तथा उन्हें कितनी अर्जित अवकाश प्रदान करना है यह सब सुनिश्चित दलालों द्वारा किया जाता है यदि शिक्षक इन दलालों के शिकंजो में नहीं आते तो उन शिक्षकों के प्रकरण अनावश्यक रूप से रोक दिए जाते हैं तथा उन्हें नियमानुसार अर्जित अवकाश हेतु आदेश लाने की बात कही जाती है और यदि इनके माध्यम से काम किया जाता है तो उन्हें 240 दिनों की अर्जित अवकाश एवं अन्य प्रकरण का शीघ्र समाधान कर दिया जाता है नवीन जिला शिक्षा अधिकारी से अनुरोध है की विकासखंड कार्यालय कुछ संकुल केदो में हमेशा अपनी उपस्थिति प्रदान करने वाले इन दलालों पर प्रतिबंध लगाया जाए तथा शिक्षकों की समस्याओं का बिना किसी देरी किए समाधान करने का कष्ट करें जिससे शिक्षक मन लगाकर अपने विद्यालय में शैक्षणिक कार्य पूर्ण करावे और उन्हें बार-बार जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के चक्कर न लगाना पड़े साथी पेंशन प्रकरण तथा अर्जित अवकाश की पात्रता प्रदान करने हेतु वरिष्ठ कार्यालय से एक प्रतिनिधि विकासखंड शिक्षा अधिकारी को दिया जाए जिसके द्वारा जांच करने के बाद ही सेवानिवृत शिक्षकों को अर्जित अवकाश एवं पेंशन प्रकरण स्वीकृति शीघ्र प्राप्त हो सके।

# संविदा-नियमित एनएचएम कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**सिवनी नवभारत।** संयुक्त एनएचएम एसोसिएशन (संविदा-नियमित) कर्मचारी संघ (म.प्र.) ने प्रदेशभर के एनएचएम कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि संघ द्वारा 5 मई, 18 जून, 22 जून एवं 8 जुलाई 2026 को भी संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर समस्याओं के समाधान का अनुरोध किया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। संघ ने ज्ञापन में कहा है कि प्रदेश के एनएचएम कर्मचारियों की विभिन्न मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। संगठन ने सरकार से शीघ्र निर्णय लेते हुए कर्मचारियों को राहत प्रदान करने की मांग की है।

ज्ञापन में प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं एनएचएम संवर्ग की महिला कर्मचारियों को नर्सिंग कैडर में वरीयता प्रदान की जाए। वर्षों से

**अन्य विभागों की तर्ज पर संविदा-नियमितीकरण किया जाए**

चली आ रही वेतन विसंगतियों को दूर करते हुए ग्रेड-पे 3200 लागू किया जाए। महिला कर्मचारियों को अन्य विभागों की तरह योग्यता एवं समानता के आधार पर पदोन्नति का लाभ दिया जाए। चार वर्षों से कार्यरत संविदा एनएचएम कर्मचारियों का अन्य विभागों की तर्ज पर संविदा-नियमितीकरण किया जाए। एनएचएम द्वारा संचालित कार्यों की पूरी प्रोत्साहन राशि संबंधित कर्मचारियों को प्रोत्साहन/पीबीआई के रूप में प्रदान की जाए।

संघ ने ज्ञापन में चेतावनी दी है कि यदि 30 दिनों के भीतर इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# बकोड़ा स्कूल के 45 छात्र-छात्राओं को मिली निशुल्क साइकिल



**छपारा नवभारत।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकोड़ा में शासन की योजना के तहत 45 बालक-बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गईं। वितरण कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता रावेन शाह ऊईके, ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष अवध लाल मरकाम और ग्राम पंचायत बकोड़ा के सरपंच उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य ठाकुर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं भी इस अवसर पर मौजूद थे। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को आगे बढ़ाने में यह योजना अहम भूमिका निभाएगी। साइकिल मिलने से बच्चों को स्कूल आने-जाने में आसानी होगी और उनकी पढ़ाई बेहतर होगी। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से अपील की कि कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं में 100 प्रतिशत परिणाम लाने के लिए विशेष मेहनत करें। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और ग्रामीणों ने साइकिल वितरण के लिए आभार व्यक्त किया।

**आयोजन** — धर्म और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, कान्हीवाड़ा से संतोष वन्देवार खैरा पलारी

# पलारी पहुंचे मां नर्मदा के परम भक्त दादा गुरु

**सिवनी नवभारत।** मां नर्मदा के असीम भक्त और प्रख्यात संत दादा गुरु अपनी आध्यात्मिक यात्रा के दौरान ग्राम पलारी पहुंचे। उनके आगमन पर क्षेत्र में भक्ति का माहौल निर्मित हो गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। धर्म-कर्म के साथ-साथ प्रकृति का संरक्षण भी हमारा परम कर्तव्य है। मां नर्मदा की सेवा और पर्यावरण की रक्षा से ही मानव कल्याण संभव है। ग्राम पलारी आगमन के तुरंत बाद दादा गुरु सीधे प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पहुंचे, जहाँ उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात, दादा गुरु पलारी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। यहाँ आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उन्होंने स्वयं पौधारोपण किया और विद्यार्थियों व ग्रामीणों को पर्यावरण को हरा-भरा रखने का संकल्प दिलाया।



**कृषि उपज मंडी में उमड़ा जनसैलाब, सुनी अमृतवाणी**

दौरे के मुख्य पड़ाव के रूप में कृषि उपज मंडी पलारी में एक विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दादा गुरु ने उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने अपने उपदेशों में धर्म, कर्म, सदाचार और विशेष रूप से मां नर्मदा के संरक्षण व स्वच्छता पर जोर दिया। कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ ने दादा गुरु के भजनों और प्रवचनों का अत्यंत ध्यान पूर्वक श्रवण किया।

समिति के प्रमुख सदस्य नीलू राय, रमाकांत राय, उदय ठाकुर, राजू साहू, रवि पटेल, सौरभ राय, दिलीप ठाकुर, रज्जू ठाकुर, राजेश बघेल, सतीश राय, प्रदीप अवधिया, शिवम विश्वकर्मा, रामेश्वर ठाकुर, विपिन ठाकुर, डॉ. अविनाश, मुकेश सोनी, आशु बघेल, शेर पटेल, संतोष सोनी।

सहयोगी संगठन बजरंग दल व्यायाम शाला एवं महावीर व्यायाम शाला पलारी।

**पत्रकारों ने लिया दादा गुरु का आशीर्वाद**

इस पावन अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकारों ने भी दादा गुरु के दर्शन कर उनका शुभाशीष प्राप्त किया। आशीर्वाद लेने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार संतोष वन्देवार विनोद विश्वकर्मा देवेंद्र ठाकुर आदर्श बंदेवार शामिल रहे।

**इनका रहा विशेष योगदान**

आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम को पूरी तरह सफल और अनुशासित बनाने में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने दिन-रात एक कर दिया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में निम्नलिखित का विशेष योगदान रहा।

# नशे से दूरी है ज़रूरी 2 .0 अभियान का शुभारंभ, निकाली जनजागरूकता रैली

**सिवनी नवभारत।** युवाओं और समाज को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति तथा उसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 15 से 30 जुलाई तक चलने वाले नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान का शुभारंभ बुधवार को सिवनी में भव्य जनजागरूकता रैली के साथ किया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में लगभग 2000 विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स, नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों, सामाजिक संगठनों, चिकित्सकों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पुलिस कंट्रोल रूम परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली पुलिस कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर थाना कोतवाली पहुंची। प्रतिभागियों ने नशा विरोधी संदेशों से युक्त तख्तियां, बैनर और पंपलेट लेकर नशामुक्त सिवनी, स्वस्थ सिवनी का संदेश दिया।

इस अवसर पर पुलिस



अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, भविष्य और पूरे समाज को भी प्रभावित करता है। अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराकर उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके बाद पुलिस कंट्रोल रूम में हस्ताक्षर अभियान चलाकर सभी ने नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी चंचलेश मरकाम, एसडीओपी सचिन परते, डीएसपी प्रवीण नायडू, डीएसपी चंद्र किशोर सिरामे, थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, थाना प्रभारी डुंडा सिवनी सीएस उइके, महिला थाना प्रभारी संदीपिका ठाकुर, अजाक थाना प्रभारी अनंती मर्सकोले, कंट्रोल रूम प्रभारी ओमेश्वर ठाकरे, यातायात प्रभारी विजय बघेल, रक्षित निरीक्षक गौरव मर्सकोले, रक्षित निरीक्षक स्नेहा घोरमारे, सूबेदार जितेंद्र रावतकर सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, मातृ शक्ति संगठन, मार्गिक फाउंडेशन, एनसीसी कैडेट्स, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सिवनी पुलिस ने अभियान के माध्यम से नशे से दूरी, जीवन से प्यार का संदेश देते हुए सभी नागरिकों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

**15 दिनों तक चलेंगी विभिन्न गतिविधियां**

अभियान के तहत जिलेभर में शैक्षणिक संस्थानों, विभिन्न विभागों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पोस्टर-बैनर एवं पंपलेट वितरण, निबंध, चित्रकला, रील एवं शॉर्ट मूवी प्रतियोगिताएं, सोशल मीडिया जागरूकता अभियान, जनसंवाद कार्यक्रम तथा शॉर्ट फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।